CURRICULUM UPDATES | LEARNING RESOURCES | ACADEMIC ACHIEVEMENTS

# NEWSPAPER

**Recent updates from Institute across the globe**

(AN ISO 9001: 2008 CERTIFIED COLLEGES)
AMONG TOP 20 B-SCHOOLS IN INDIA

ESTD.1996

## UNIQUE GROUP OF COLLEGES

MURADNAGAR (GHAZIABAD)

APPROVED BY AICTE, UGC U/S 2(F) & NCTE, AFFILIATED BY C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT, DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY, LUCKNOW & SCERT PRAYAGRAJ

## What's Happening Around Campus This Week



UIMT कॉलेज परिसर में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. आकांक्षा सिंह ने ध्वजारोहण (झंडारोहण) कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

## NEWS UPDATE





कार्यक्रम की सबसे विशेष और प्रेरणादायक बात यह रही कि इसमें समानता और एकजुटता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। चेयरपर्सन डॉ. आकांक्षा सिंह ने केवल शिक्षकों व छात्रों के साथ ही नहीं, बल्कि संस्थान के कर्मचारियों और सहायक स्टाफ को भी इस राष्ट्रीय उत्सव में मुख्य रूप से शामिल किया।

Stay connected, subscribe now for weekly campus news, learning tips, and event updates.

Full or partial tuition coverage

Follow us

WWW.UIMTCOLLEGE.COM

Student Life & Campus Highlights

Eco-friendly & Digital Learning

Instant Query Resolution & Updates





डॉ. सिंह ने कहा कि देश के विकास और संस्थान को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सफाई कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय है, इसलिए आजादी का जश्न हर वर्ग के साथ मिलकर मनाना ही सही मायने में स्वतंत्रता का अर्थ है।
ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और पूरा परिसर "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष से गूंज उठा।

## UIPS स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरणादायक संदेश





स्वतंत्रता दिवस समारोह का दूसरा चरण UIPS स्कूल परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला।





चेयरपर्सन डॉ. आकांक्षा सिंह का संबोधन: कार्यक्रम के दौरान डॉ. आकांक्षा सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों केबलिदान के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को 'कुंद्रा' (उत्कृष्ट नागरिक मूल्यों और अनुशासन) का महत्व समझाते हुए कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल उत्सवमनाने में नहीं, बल्कि अपने समाज को स्वच्छ रखने, बड़ों का सम्मान करने और लगन से पढ़ाई करके देश का नाम रोशन करने में है।

Affiliated by CBSE New Delhi SchoolCode : 60646
UNIQUE INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
TAKE EDUCATION TO NEXT LEVEL

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ: UIPS स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत देशभक्ति गीतों, नृत्यों और नाटकों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। देशभक्ति के तरानों पर बच्चों के अभिनय ने वहां मौजूद सभी अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया।



स्कूल की चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह बड़ी प्रगति की है।
उन्होंने बताया कि प्राचीन समय के नालंदा और तक्षशिला से लेकर आज की डिजिटल और स्मार्ट कक्षाओं तक, भारत ने एक लंबा और प्रेरणादायक सफर तय किया है।
मुख्य बातें:
डिजिटल शिक्षा: स्मार्ट क्लास और ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ाई हर बच्चे तक पहुँच रही है।

कौशल विकास: नई शिक्षा नीति के तहत अब व्यावहारिक और रचनात्मक ज्ञान पर जोर दिया जा रहा है।
चेयरपर्सन ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही देश की असली ताकत है और विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका सबसे अहम है।

## मोदीनगर ब्रांच में छोटे-छोटे बच्चे महापुरुषों और देश के रक्षकों की वेशभूषा में पहुंचे, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया:



ईवान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का रूप धरकर उनके अमर विचार “तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा!” की याद ताजा कर दी।

शिवेश ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में देशभक्ति की प्रेरणा दी।

मुग्धा और मायरा ने "झांसी की रानी" लक्ष्मीबाई की पोषाक में “खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी” के पराक्रम का परिचय दिया।

रवी और तुलसी भारतीय फौजियों की वर्दी में सजकर आए, जिन्हें देखकर पूरा परिसर देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीरों के प्रति सम्मान से भर उठा।

# शुभuday
## PRE-PRIMARY











UIPS स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी शानदार परफॉरमेंस दी। कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन डॉ. आकांक्षा सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें 'कुंद्रा' (उत्कृष्ट नागरिक मूल्यों, अनुशासन और नैतिक कर्तव्यों) के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक सच्चा देशभक्त वही है जो अनुशासन में रहकर देश की सेवा करे।







## EVENT HIGHLIGHTS

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षक वर्ग का विशेष योगदान रहा। सभी अध्यापकों ने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। खासतौर पर टीनक्षी , उपासना ने छोटे-छोटे बच्चों को देशभक्ति गीतों पर डांस सिखाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बच्चों को मंच पर शानदार प्रस्तुति के लिए तैयार किया

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को मिठाई वितरित की गई और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ समारोह का समापन हुआ।



